हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==================================================

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने मीडिया की उन अटकलों और गलत सूचनाओं पर स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें इसरो के निजीकरण या उसकी भूमिका कम करने के प्रयासों की बात कही गई है। सोशल मीडिया पोस्ट में इसरो ने कहा कि न तो उसका निजीकरण और न ही उसका महत्व कम किया जाएगा। अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का उद्देश्य अंतरिक्ष कार्यक्रम को सक्षम बनाना है।

इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों का उद्देश्य एक व्यापक, मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। इसलिए, इन सुधारों को निजीकरण के बजाय पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार और क्षमता वृद्धि के रूप में देखा जाना चाहिए।

इसरो ने कहा कि परिपक्व और विस्तार योग्य तकनीकी क्षमताओं को भारतीय उद्योग द्वारा तेजी से विकसित किया जा सकता है। इससे बड़े पैमाने पर उत्पादन, व्यावसायीकरण, नवाचार और वैश्विक बाजारों तक पहुंच संभव होगी, जबकि इसरो के वैज्ञानिक और तकनीकी मानव संसाधन को उन्नत अनुसंधान, अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों और जटिल राष्ट्रीय मिशनों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिलेगी।

------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास में आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में हिसार के चंदन नगर में गोस्वामी धर्मशाला के निर्माण के लिए 31 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के माध्यम से समाज को मर्यादा, सेवा, कर्तव्य और त्याग का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार संत तुलसीदास जी के रामराज्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान-चिरायु योजना और आवास जैसी कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुशासन का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-----------------------------------------

हरियाणा सरकार द्वारा "एडवांस्ड आईटी लर्निंग में कौशल सहायता फैलोशिप " योजना के तहत सफल, कंप्यूटर-आधारित छात्रवृत्ति परीक्षाआयोजित की गई।
इस योजना के तहत 1000 योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति दीजाएगी।
परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों का चयन निर्धारित पात्रता मानदंड और चयन प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।
सुरक्षित कंप्यूटर आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल संचालन सूचना प्रौद्योगिकी के आधुनिक क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को कौशल प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति के अवसर प्रदान करने की दिशा में हरियाणा सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

---------------------------------------

हरियाणा सरकार ने पालिका रोल पर कार्यरत सफाई कर्मियों को हरियाणा अनुबंध कर्मचारी ( सेवा की सुनिश्चितता) अधिनियम, 2024 के दायरे में लाने का निर्णय लिया है।

इस निर्णय से सफाई कर्मियों की सेवा 60 वर्ष की आयु तक सुरक्षित होगी और उन्हें अधिनियम के प्रावधानों के तहत लगभग नियमित कर्मचारियों के समान कई लाभ प्राप्त होंगे। सफाई कर्मचारियों को वार्षिक महंगाई भत्ता, मृत्यु व सेवामुक्ति पर ग्रेच्युटी, मातृत्व अवकाश तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के अंतर्गत एक्स-ग्रेशिया वित्तीय सहायता एवं एक्स-ग्रेशिया नियुक्ति जैसे विभिन्न लाभ भी प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार इन कर्मचारियों को 2,000 रुपये प्रति माह जोखिम भत्ता देने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, अधिनियम, 2024 के तहत पात्रता के अनुसार मिलने वाली राशि के अलावा 15 प्रतिशत अधिक राशि भी दी जाएगी।

-----------------------------------------------------

हरियाणा में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। इसके तहत हर ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर 'सेवा सेतु केंद्र' स्थापित होंगे, ताकि नागरिकों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अभियान के दौरान रक्तदान, स्वच्छता, पौधारोपण जैसी 25 सेवा गतिविधियां, युवाओं के लिए चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता, 'नमो सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक, 'आंगन का उत्सव' और 'राष्ट्रीय नवाचार चुनौती' आयोजित की जाएगी। अभियान का समापन 17 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले 'जनसेवक महाकुंभ' के साथ होगा।